JALAUN POLICE

दिनांक – 29.05.2026

थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा आईपीएल मैच के दौरान बृहद स्तर पर ऑनलाइऩ आईपीएल सट्टे/जुआ के संगठित नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए सक्रिय रूप से सम्मिलित 03 अभियुक्तों को मौके से गिरफ्तार कर उनके कब्जे से ऑनलाइन सट्टे में प्रयुक्त किये जा रहे 03 अदद मोबाइल फोन तथा अभियुक्तों के कब्जे से कुल 2700/- रु0 बरामद कर विधिक कार्यवाही करते हुये जेल भेजा गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जनपद जालौन के कुशल पर्यवेक्षण में जनपद में ऑनलाइऩ सट्टा जुआ के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 28.05.2026 को थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा ऑनलाइन आईपीएल सट्टे का काला कारोबार कर आर्थिक लाभ प्राप्त करने वाले कुल 03 अपराधियों को ग्राम छानी अहीर के पास से गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की गयी है।

अभियुक्तगणों के कब्जे से आनलाइऩ सट्टा कारोबार में प्रयुक्त किये जा रहे इलेक्ट्रानिक उपकरण (कुल 03 मोबाइल फोन) को कब्जा पुलिस में लिया गया, जिसमें अभियुक्तों द्वारा आनलाइन सट्टा, ट्रेडिंग के ऐप प्रयुक्त किये जा रहे थे जिनको बतौर साक्ष्य प्राप्त किया गया है। अभियुक्तगणों के कब्जे से कुल 2700/- रूपये भी नगद बरामद हुए हैं। अभियुक्तों के विरूद्ध थाना सिरसाकलार पर मु0अ0सं0 51/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 एवं 112(2) बीएऩएस पंजीकृत कर अभियुक्तगणों को जेल भेजा गया है।

पूछताछ का विवरण- अभियुक्तगणों से बृहद पूछताछ में बताया कि पंकज द्वारा ऑनलाइन बेवसाइट के माध्यम से iex99.com व bethub.com आदि online betting site पर ID बनाकर बेची जाती है। जिनका ID/Passward पंकज द्वारा Whats app पर उपलब्ध कराया जाता है। पूर्व मे प्रचलित ID को डी-एक्टीवेट कर दिया जाता है। अभियुक्त पंकज लगातार इस प्रकार आई-डी बनाकर पूर्व आई-डी को डिलीट करता था। हम लोग स्वयं भी सट्टा खेलने के साथ-साथ अन्य युवाओं एवं नागरिकों को सट्टा खेलने हेतु प्रोत्साहित करते हैं।

अभियुक्तों के मोबाइल से कुल 07 ऑनलाइन बेटिंग आईडी व 2,25,000/- रूपये के ऑनलाइन संदिग्ध लेनदेन का विवरण प्राप्त हुआ है। जिसका विवरण दौराने विवेचना जुटाया जा रहा है।

अभियुक्तगणों द्वारा किये जा रहे ऑनलाइन सट्टेबाजी से काफी लोगो का जीवन अंधकारमय हो गया है। जिनके आपराधिक कृत्यों की गम्भीरता के दृष्टिगत गम्भीर धाराओं मे अभियोग पंजीकृत कर जेल भेजा गया है।

पंजीकृत अभियोग का विवरण

थाना सिरसाकलार पर मु0अ0सं0 51/2026 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधि0 एवं 112(2) बीएनएस

गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण –

1. आशिक पुत्र नसरुद्दी उम्र करीब 24 वर्ष नि0 ग्राम गुपलापुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन
2. आरिफ पुत्र रियासत उम्र करीब 25 वर्ष नि0 ग्राम गुपलापुर थाना सिरसाकलार जनपद जालौन
3. पंकज सिंह पुत्र कृष्णपाल उम्र करीब 27 वर्ष सिंह नि0 ग्राम व थाना सिरसाकलार जनपद जालौन

बरामदगी का विवरण –

1. 2700/- रूपये
2. 03 अदद मोबाइल फोन

टीम का विवरण-

1. थानाध्यक्ष सिरसाकलार मय पुलिस टीम